12-11-2026_Layout 1 12-11-2026 01:30 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

अनमोल वचन

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 283 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, वीरवार 12 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

INNOCENT HEARTS SCHOOL

Learning Today... Leading Tomorrow !

Nursery to Grade-12

(Affiliated to CBSE)

1800 833 4600 www.innocenthearts.in

ADMISSION OPENS SESSION 2027 -28

REGISTRATIONS START FROM AUGUST 04, 2026

*Seat availability as per the vacancy at respective campuses

NURSERY, LKG & UKG

Our Campuses in Jalandhar*

GMT Green Model Town | LOHARAN Nakodar Road | DIWALI Cantt.- Jandiala Road | NOORPUR Pathankot Road | KPT. ROAD Sports & Surgical Complex, Kapurthala Road



पंजाब में 'आप' को मिली मजबूती!

'वारिस पंजाब' के कई नेता आम आदमी पार्टी में शामिल

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी बीच आम आदमी पार्टी को अजनाला हलके में बड़ी मजबूती मिली है। 'वारिस पंजाब दे' पार्टी के कई प्रमुख नेताओं और पदाधिकारियों ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि पंजाब की तरक्की और रंगला पंजाब बनाने के लिए हर दिन लोग आम आदमी पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, अजनाला से 'वारिस पंजाब दे' के पूर्व हलका इंचार्ज सुरिंदर पाल सिंह तालबपुरा भी क्रमें शामिल हो गए हैं। उनके साथ अमृतसर देहाती जिले के कई अन्य पदाधिकारियों और सेवादारों ने भी पार्टी की सदस्यता ली। सभी नेताओं का आम आदमी पार्टी में स्वागत किया।



मान सरकार की जनहितैषी नीतियों से प्रभावित

इस मौके पर दिल्ली कमेटी के धर्म प्रचार चेयरमैन सरदार मनजीत सिंह भोमा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान पार्टी की ओर से कहा गया कि बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून बनाने और मान सरकार की जनहितैषी नीतियों से प्रभावित होकर कई नेता क्रके साथ जुड़ रहे हैं।

जालंधर के भार्गव कैंप बाजार में घर में दीया जलाने के दौरान लगी भीषण आग, एक व्यक्ति झुलसा

फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया



- तबतक बैड, कपड़े, नगदी सहित अन्य सामान जलकर हो चुका था खाक

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/सिद्धू: जालंधर के भार्गव कैंप बाजार में सुबह-सुबह अचानक एक घर में दीया जलाने के दौरान आग लग गई और ज्योत की चिंगारी से देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार वालों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी दी। फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, पर तब तक घर का बैड, कपड़े, नगदी सहित अन्य सामान जलकर खाक हो चुका था। इस दौरान एक व्यक्ति भी झुलस गया। वहीं घर की हालत देख महिला रोने लगी। वहीं इस घटना के दौरान इंसानियत उस समय शर्मसार हुई, जब लड़की ने मोबाइल से फ्लैश ऑन करके जले सामान को देख रही थी। इसी दौरान एक नौसरबाज व्यक्ति आया और उसने मदद करने के लिए कहा कि मुझे फोन पकड़ा दें ताकि आप सामान देख लें। जैसे ही महिला ने फोन पकड़ाया तो नौसरबाज मौका पाकर वहां से फरार हो गया।

दुकानदारों के अवैध कब्जे के खिलाफ जताया रोष


वहीं लोगों ने दुकानदारों द्वारा अवैध कब्जों को लेकर रोष पाया गया। लोगों ने कहा कि कपड़े की मार्केट है और अवैध कब्जों के कारण दमकल विभाग की गाड़ी अंदर तक नहीं पहुंच पाई। दमकल विभाग की टीम को घटना स्थल तक पहुंचने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों ने अवैध कब्जों हटाने को लेकर प्रशासन से कार्रवाई करने की अपील की है।

कोलकाता-मुंबई एअर इंडिया फ्लाइट को हाईजैक करने की धमकी, टॉयलेट में मिला नोट

सुरक्षा को ध्यान में रखते विमान को कोलकाता एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में ले जाया गया

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। कोलकाता से मुंबई जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब विमान को हाईजैक करने की धमकी मिली। विमान के टॉयलेट में एक धमकी भरा नोट मिलने के बाद क्रू मेंबर्स ने तुरंत पायलट को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ञ्जष्ट) को अलर्ट कर दिया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को कोलकाता एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में ले जाया गया, जहां सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, एअर इंडिया का एयरबस ञ्320ठ्ठद्मश्र विमान कोलकाता से मुंबई के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान एक क्रू मेंबर को विमान के टॉयलेट में एक संदिग्ध नोट मिला। नोट में लिखा था कि सुबह 11ः10 बजे विमान को हाईजैक कर लिया जाएगा। धमकी की गंभीरता को देखते हुए क्रू मेंबर ने बिना देरी किए पायलट को इसकी जानकारी दी। पायलट ने तत्काल ञ्जष्ट को अलर्ट किया, जिसके बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत कार्रवाई शुरू की गई। धमकी मिलने के समय विमान में 93 यात्री और 5 क्रू मेंबर मौजूद थे। विमान को सामान्य पार्किंग क्षेत्र से हटाकर कोलकाता एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में ले जाया गया। यहां सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की जांच शुरू की, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु या संभावित खतरे का पता लगाया जा सके। यात्रियों और क्रू की सुरक्षा को देखते हुए जरूरी सुरक्षा प्रक्रिया अपनाई गई।



विस्तारा की लिवेरी में ऑपरेट हो रहा था विमान

बताया जा रहा है कि एअर इंडिया का यह एयरबस ञ्320ठ्ठद्मश्र विमान विस्तारा की लिवेरी यानी पुराने विस्तारा ब्रांड की पेंटिंग के साथ ऑपरेट हो रहा था। फिलहाल धमकी भरा नोट किसने और किन परिस्थितियों में विमान के टॉयलेट में रखा, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

आईपीएल 2027 से पहले दो बड़ी टीमों में खिलाड़ियों की अदला-बदली, हार्दिक-अर्शदीप की फ्रेंचाइजी बदली

मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स का संयोजन नए सिरे से तैयार होगा, अब ट्रेड के जरिए हार्दिक पंड्या का नया ठिकाना पंजाब किंग्स बना

- गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में काफी प्रभावशाली था रिकॉर्ड

जालंधर सिटी लाइव



आईपीएल 2027 सीजन से पहले मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली हुई है। भारतीय स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अब मुंबई इंडियंस से पंजाब किंग्स की टीम में, वहीं पंजाब किंग्स ने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मुंबई इंडियंस के साथ ट्रेड कर दिया है। इस ट्रेड के बाद हार्दिक पंड्या की फीस 16.35 करोड़ रुपये से बढ़कर 18 करोड़ रुपये हो गई है। दूसरी तरफ अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस से 18 करोड़ रुपये की मौजूदा फीस पर ही जुड़ेंगे। इस बड़े बदलाव के बाद दोनों टीमों का संयोजन नए सिरे से तैयार होगा। हार्दिक पंड्या का मुंबई इंडियंस के साथ लंबा जुड़ाव रहा है। उन्होंने 2015 से 2021 तक लगातार सात सीजन इस फ्रेंचाइजी के लिए खेले। इसके बाद 2022 और 2023 में वह गुजरात टाइटंस का हिस्सा बने। IPL 2024 में उनकी मुंबई इंडियंस में वापसी हुई और 2026 तक उन्होंने टीम के लिए तीन और सीजन खेले। इस तरह हार्दिक ने मुंबई के साथ कुल 10 सीजन बिताए। रिपोर्ट के मुताबिक, IPL 2026 के बाद वह खुद फ्रेंचाइजी से अलग होना चाहते थे। अब ट्रेड के जरिए उनका नया ठिकाना पंजाब किंग्स बन गया है। हार्दिक पंड्या के करियर में मुंबई इंडियंस की कप्तानी एक बड़ा मोड़ साबित हुई। IPL 2024 से पहले मुंबई ने उन्हें गुजरात टाइटंस से ऑल-कैश डील के तहत अपनी टीम में शामिल किया था। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें रोहित शर्मा की जगह कप्तानी सौंप दी। रोहित की अगुवाई में मुंबई इंडियंस पांच बार IPL का खिताब जीत चुकी थी। ऐसे में हार्दिक पर टीम को उसी सफलता तक पहुंचाने की बड़ी जिम्मेदारी थी, लेकिन बतौर कप्तान उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा।

गुजरात टाइटंस में बतौर कप्तान हार्दिक का शानदार रिकॉर्ड

हार्दिक की कप्तानी में मुंबई ने 2024 का सीजन अंक तालिका में आखिरी स्थान पर रहते हुए खत्म किया। 2025 में टीम ने प्लेऑफ तक जगह बनाई, लेकिन 2026 में एक बार फिर उसका प्रदर्शन कमजोर रहा और उसे नौवें स्थान से संतोष करना पड़ा। मुंबई इंडियंस के साथ कप्तानी का अनुभव भले ही हार्दिक के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में उनका रिकॉर्ड काफी प्रभावशाली था। उनकी अगुवाई में गुजरात ने 31 मुकाबले खेले, जिनमें 22 में जीत दर्ज की, जबकि 9 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा।

32 साल पुराने अपहरण मामले में पंजाब के पूर्व डीएसपी गुरमीत सिंह दोषी करार, 12 नवंबर को सुनाई जाएगी सजा

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई थी जांच
- पांच पुलिस अधिकारियों पर लगे थे आरोप

जालंधर सिटी लाइव

- 1992 में लुधियाना के होटल से अमरीक सिंह का हुआ था अपहरण, सीबीआई कोर्ट ने एक आरोपी को किया बरी, तीन की मौत के बाद खत्म हुई कार्यवाही



मोहाली। पंजाब में करीब 32 साल पुराने अपहरण मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। मोहाली स्थित सीबीआई कोर्ट ने बुधवार को पंजाब पुलिस के तत्कालीन डीएसपी गुरमीत सिंह को अमरीक सिंह के अपहरण मामले में दोषी करार दिया। अदालत दोषी की सजा की अवधि पर 12 नवंबर को फैसला सुनाएगी। यह मामला वर्ष 1992 का है, जब अमरीक सिंह का 25 नवंबर को लुधियाना के होटल अमलताश से कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया था। आरोप था कि पंजाब पुलिस की एक टीम ने इस वारदात को अंजाम दिया था, जिसका नेतृत्व तत्कालीन डीएसपी गुरमीत सिंह कर रहे थे। यह मामला अमरीक सिंह के बेटे देविंदर सिंह के हलफनामे के बाद सामने आया था। उन्होंने अपने पिता के अपहरण की जानकारी देते हुए न्याय की मांग की थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 15 नवंबर 1995 को मामले में आदेश जारी किया, जिसके आधार पर जांच की प्रक्रिया शुरू हुई। शुरुआत में प्रारंभिक जांच दर्ज की गई और बाद में 23 फरवरी 2000 को नियमित मामला दर्ज किया गया। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 27 नवंबर 2001 को पांच पुलिस अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई की चार्जशीट में तत्कालीन डीएसपी गुरमीत सिंह, डीएसपी परमिंदरजीत सिंह, एसएचओ सुबा सिंह, एसआई सुरिंदर सिंह और एएसआई जसवंत सिंह को आरोपी बनाया गया था। मामले में 15 अप्रैल 2004 को आरोप तय किए गए थे। लंबी सुनवाई और ट्रायल के बाद अदालत ने तत्कालीन डीएसपी गुरमीत सिंह को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया। वहीं, सह-आरोपी डीएसपी परमिंदरजीत सिंह को बरी कर दिया गया है। तीन अन्य आरोपियों एसएचओ सुबा सिंह, एसआई सुरिंदर सिंह और एएसआई जसवंत सिंह की मृत्यु हो जाने के कारण उनके खिलाफ कार्यवाही समाप्त कर दी गई। करीब तीन दशक से अधिक समय तक चले इस मामले में अब दोषसिद्धि के बाद सजा का इंतजार है। अदालत 12 नवंबर को दोषी गुरमीत सिंह की सजा की अवधि निर्धारित करेगी। लंबे समय बाद आए इस फैसले से पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

पंजाब में चुनाव से पहले बड़ा प्रशासनिक फेरबदल!

140 अधिकारियों के तबादले, 29 आईएएस और 111 पीसीएस शामिल

2024 बैच के 9 युवा आईएएस अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों में एसडीए की जिम्मेदारी

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई थी जांच
- पांच पुलिस अधिकारियों पर लगे थे आरोप

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। मंगलवार रात राज्य सरकार ने 140 अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियों के आदेश जारी किए हैं। इनमें 29 IAS और 111 PCS अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा 2024 बैच के 9 युवा IAS अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों में स्छरूकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, प्रशासनिक विभागों, नगर निगमों और विकास प्राधिकरणों में भी नई तैनातियां की हैं। इसके अलावा, जो अधिकारी पिछले चार सालों में किसी एक जिले में तीन साल या उससे अधिक समय से तैनात हैं, उनका भी तबादला किया जाएगा। मुख्य सचिव केएपी सिन्हा की ओर से जारी आदेशों के तहत 6 जिलों के डिप्टी कमिश्नर (ष्ठष्ट) भी बदल दिए गए हैं। नई नियुक्तियों के मुताबिक, मोहाली में आदित्य डेचलवाल, रूपनगर में कोमल मित्तल, लुधियाना में हिमांशु अग्रवाल, पटियाला में हिमांशु जैन, बरनाला में अभिजीत कपलिश और तरनतारन में निर्मल ओसपचन को नया डिप्टी कमिश्नर नियुक्त किया गया है। दरअसल, आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने पंजाब समेत पांच राज्यों को चुनाव ड्यूटी से जुड़े अधिकारियों के तबादले 30 नवंबर 2026 तक पूरे करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने सभी राज्यों को इस संबंध में रिपोर्ट सौंपने को भी कहा है। निर्देशों के मुताबिक, किसी भी अधिकारी की तैनाती उसके गृह जिले में नहीं की जाएगी।



डीसी से लेकर स।ह तक नियम लागू

चुनाव आयोग के इन निर्देशों के दायरे में डिप्टी कमिश्नर (DC), SDM, जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, आबकारी अधिकारी और पुलिस विभाग के DIG, SSP, SP, DSP से लेकर थाना प्रभारी (SHO) तक शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनाव से पहले प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था में निष्पक्षता बनाए रखना और चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाना है।

CMYK

12-11-2026_Layout 1 12-11-2026 01:30 Page 2

न्यूज़ीलैंड में दर्दनाक हादसे में 3 पंजाबी युवाओं की मौत, मृतकों में लड़की भी शामिल

- तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक रेस्टोरेंट में जा घुसी
- रात करीब 10:15 बजे पुलिस और मेडिकल टीम मौके पर

हादसा ऑकलैंड के टकानिनी में ग्रेट साउथ रोड पर हुआ

जालंधर सिटी लाइव



न्यूज़ीलैंड के ऑकलैंड में दिवाली की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पंजाबी समुदाय को झकझोर कर रख दिया। टकानिनी इलाके में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक रेस्टोरेंट में जा घुसी। इस भीषण दुर्घटना में पंजाबी मूल के तीन युवाओं की मौत हो गई। मृतकों में दो युवक और एक युवती शामिल हैं। पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को रविवार रात करीब 10:15 बजे दुर्घटना की जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस और मेडिकल टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर कार में सवार तीनों युवाओं को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन मेडिकल टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पूरे समुदाय में शोक की लहर है। जानकारी के मुताबिक, हादसा ऑकलैंड के टकानिनी इलाके में ग्रेट साउथ रोड पर हुआ। दिवाली की रात तेज गति से जा रही एक कार अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई। इसके बाद कार सड़क किनारे बने 'बर्गरफ्यूल' रेस्टोरेंट में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कार के परखच्चे उड़ गए।

दो युवक और एक युवती की गई जान

न्यूज़ीलैंड की सेंट्रल सिख एसोसिएशन और सुप्रीम सिख सोसाइटी के अध्यक्ष दलजीत सिंह ने हादसे में तीन पंजाबी मूल के युवाओं की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तीनों भारतीय मूल के पंजाबी थे। इनमें दो लड़के और एक लड़की शामिल हैं। दिवाली की रात हुई इस त्रासदी से न्यूज़ीलैंड का पंजाबी समुदाय बेहद दुखी है। तीन युवाओं की असमय मौत ने सभी को झकझोर दिया है।

असम में बड़ा रेल हादसा! कोलकाता-सैरंग एक्सप्रेस के 6 डिब्बे पटरी से उतरे, 50 यात्री घायल

- हादसे से पहले लोको पायलट की बात का वीडियो भी आया
- कामरूप जिले में बुधवार सुबह करीब 6:54 बजे हुआ हादसा

जालंधर सिटी लाइव



असम के कामरूप जिले में बुधवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा हो गया। डिगारू रेलवे स्टेशन के पास कोलकाता-सैरंग एक्सप्रेस (13125) के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसा सुबह करीब 6:54 बजे हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस दुर्घटना में करीब 50 यात्री घायल हुए हैं। हादसे से पहले का एक वीडियो भी सामने आया है। घटना के बाद रेलवे अधिकारी, कर्मचारी और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए। यात्रियों को डिब्बों से बाहर निकालने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम शुरू किया गया। सामने आए एक वीडियो में लोको पायलट को यह कहते हुए सुना जा रहा है कि सिग्नल रेड है और ट्रेन को रोकना है, लेकिन ट्रेन की रफ्तार नियंत्रित नहीं हो रही। वीडियो में ब्रेक सिस्टम काम नहीं करने की बात भी सुनाई दे रही है। इसके बाद ट्रेन का इंजन पटरी पर लगे बैरिकेड्स से टकरा गया और उसके 6 डिब्बे पटरी से उतर गए। फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

किसी के हताहत होने की सूचना नहीं दी

शुरुआत में रेलवे की ओर से किसी हताहत की सूचना नहीं दी गई थी, लेकिन बाद में कई यात्रियों के घायल होने की जानकारी सामने आई। गौरतलब है कि 29 अक्टूबर को भी असम के लुमडिंग-बदरपुर रेलखंड पर सिलचर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के इंजन की ट्रॉली पटरी से उतर गई थी। हालांकि, उस घटना में किसी यात्री के घायल होने या मौत की खबर नहीं आई थी।

फ्लैट देने में देरी पर मोहाली के बिल्डर को बड़ा झटका, खरीदार को देने होंगे करीब 19 लाख रुपये ब्याज

मोहाली। फ्लैट खरीदने के बाद लंबे समय तक कब्जे का इंतजार कर रहे एक खरीदार को बड़ी राहत मिली है। पंजाब रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (RERA) ने मोहाली के जीरकपुर स्थित सुषमा क्रेसेंट प्रोजेक्ट के बिल्डर सुषमा बिल्डटेक लिमिटेड को खरीदार को करीब 19 लाख रुपये ब्याज के रूप में देने का आदेश दिया है। इसके साथ ही बिल्डर को फ्लैट का कब्जा देने की प्रक्रिया पूरी होने तक हर महीने 50,893 रुपये देने होंगे। मामले के अनुसार खरीदार ऋचा वर्मा ने 5 दिसंबर 2020 को प्रोजेक्ट के टावर च में तीन बेडरूम वाला फ्लैट बुक कराया था। समझौते के मुताबिक फ्लैट का कब्जा 5 दिसंबर 2021 तक दिया जाना था। कोरोना महामारी के कारण छह महीने की अतिरिक्त छूट को ध्यान में रखते हुए भी कब्जे की अंतिम तारीख 5 जून 2022 तय हुई थी। खरीदार ने फ्लैट के लिए करीब 52 लाख रुपये ब्याज सहित जमा करवाए थे। इसके अलावा सितंबर 2023 में भी 2.91 लाख रुपये से अधिक की राशि दी गई। आरोप था कि बिल्डर ने निर्धारित समय बीतने के बाद भी न तो कब्जा दिया और न ही जरूरी ऑक्यूपेंसी या कंप्लीशन सर्टिफिकेट हासिल किया।

आम आदमी को महंगाई का एक और झटका, मदर डेयरी ने 4 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाए दूध के दाम

12 नवंबर से लागू होंगी नई कीमतें, फुल क्रीम दूध 76 रुपये और टोंड दूध 62 रुपये प्रति लीटर हुआ

जालंधर सिटी लाइव



नई दिल्ली। महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों को दूध की कीमतों में बढ़ोतरी के रूप में एक और झटका लगा है। मदर डेयरी ने अपने अलग-अलग प्रकार के दूध की कीमतों में 2 से 4 रुपये प्रति लीटर तक वृद्धि करने का फैसला किया है। नई दरें 12 नवंबर यानी गुरुवार से लागू होंगी।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, दूध की खरीद लागत बढ़ने और किसानों से अधिक कीमत पर दूध खरीदने के कारण कंपनी ने यह फैसला लिया है। कंपनी ने बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डालने का निर्णय किया है। दिल्ली-एनसीआर में नई कीमतों के अनुसार, फुल क्रीम दूध अब 72 रुपये की जगह 76 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। टोंड दूध की कीमत 60 रुपये से बढ़ाकर 62 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। डबल टोंड दूध 54 रुपये की जगह 56 रुपये प्रति लीटर मिलेगा। वहीं गाय के दूध की कीमत 62 रुपये से बढ़ाकर 65 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। बल्क में मिलने वाले टोंड दूध का दाम 58 रुपये से बढ़ाकर 60 रुपये प्रति लीटर किया गया है। मदर डेयरी ने इससे पहले 14 मई 2026 को दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की थी। कंपनी दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन लगभग 35 लाख लीटर दूध बेचती है, जबकि इसकी कुल दैनिक बिक्री 50 लाख लीटर से अधिक बताई जाती है। दूध की कीमतों में इस बढ़ोतरी का सीधा असर आम परिवारों के मासिक बजट पर पड़ने की संभावना है। खासकर उन परिवारों को अधिक खर्च करना पड़ेगा, जिनके घरों में रोजाना बड़ी मात्रा में दूध की खपत होती है।

पटियाला में भीषण सड़क हादसा:

पुल से टकराकर पलटी पीआरटीसी बस, 3 यात्रियों की मौत, 24 घायल

- संगरूर से चंडीगढ़ जा रही बस मुख्यमंत्री भगवंत मान की कोठी से कुछ दूरी पर दुर्घटनाग्रस्त, गंभीर घायलों को राजिंदरा अस्पताल किया गया रेफर

जालंधर सिटी लाइव







पटियाला। पंजाब के पटियाला में संगरूर-पटियाला बाईपास पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। संगरूर से चंडीगढ़ जा रही पंजाब रोडवेज ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (PRTC) की एक बस पुल से टकराने के बाद पलट गई। हादसा मुख्यमंत्री भगवंत मान की कोठी से कुछ दूरी पर हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत होने की खबर है, जबकि करीब 24 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य में मदद की। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि गंभीर रूप से घायल 12 से अधिक लोगों को बेहतर इलाज के लिए पटियाला के राजिंदरा अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस और संबंधित एजेंसियों द्वारा मामले की जांच तथा हादसे से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है।

हादसे में 15 घायलों को पटियाला रेफर किया गया

मिली जानकारी के अनुसार, हादसा बुधवार सुबह करीब 4:30 बजे हुआ। बस धूरी से चंडीगढ़ की ओर जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस पहले फ्लाईओवर को सहारा देने वाले खंभे से टकराई और फिर सड़क से नीचे उतरकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कई यात्री अंदर फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में बस की तेज रफ्तार और चालक के नियंत्रण खोने की बात सामने आई है। वहीं, चालक को नींद आने की आशंका भी जताई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दुख जताया है। उन्होंने प्रशासन को घायलों का समुचित और मुफ्त इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

पीपीआर मार्केट से इनकम टैक्स कॉलोनी तक रास्ता खुलवाने की मुहिम तेज, पार्षद बलराज ठाकुर ने उठाई आवाज

- 120 फुट रोड के अधूरे हिस्से को खुलवाने की मांग एक बार फिर तेज
- कांग्रेस पार्षद की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को मांग पत्र सौंपा

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/बादलः जालंधर में 120 फुट रोड के अधूरे हिस्से को खुलवाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। पीपीआर मॉल से इनकम टैक्स कॉलोनी रोड तक बंद पड़े सड़क के हिस्से को आम लोगों के लिए खोलने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्षद बलराज ठाकुर की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी कमिश्नर (DC) को मांग पत्र सौंपा। डीसी की गैरमौजूदगी में एडीसी दिव्या पी. ने ज्ञापन प्राप्त किया। उनके पास डीसी का अतिरिक्त प्रभार भी है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया कि इस समस्या का जल्द समाधान करवाया जाएगा और वह खुद मौके का दौरा करेंगी।

पार्षज बलराज ठाकुर ने बताया कि सड़क श्री गुरु रविदास चौक से शुरू होकर जीबी नगर, लतीफपुरा, ग्रीन मॉडल टाउन और पीपीआर मार्केट से गुजरते इनकम टैक्स कॉलोनी रोड तक जाती है। पीपीआर मार्केट से आगे अंध विद्यालय के पास से इनकम टैक्स कॉलोनी तक सड़क का 100 फुट हिस्सा कब्जे की वजह से बंद पड़ा है। यहां 20 फुट का रास्ता ही इस्तेमाल के लिए बचा है। इलाके के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बंद पड़ा यह हिस्सा इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की ऋषि नगर स्कीम के अंतर्गत आता है। स्थानीय निवासी लंबे समय से इस सड़क को पूरी चौड़ाई में खुलवाने की मांग कर रहे हैं। इस मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से वर्ष 2012 में ही आदेश जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद इतने साल बीतने के बाद भी प्रशासन की तरफ से कब्जे हटाने और सड़क खोलने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कांग्रेस पार्षद बलराज ठाकुर के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की कि सड़क पर हुए अवैध कब्जों को हटाकर पूरे 120 फुट हिस्से को यातायात के लिए खोला जाए। एडीसी दिव्या पी. ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि वह खुद भी जल्द घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगी।

मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारी और इलाके के लोग मौजूद

इस मौके पर प्रधान गुरदीप सिंह राजा, प्रधान राजीव दुग्गल, रवींद्र सिंह, अजीत वालिया, राकेश शर्मा, गुरप्रीत सिद्धू, जगमोहन कौड़ा, अभिषेक गुप्ता, हरजीत सिंह बिट्टू, इंद्रजीत गुम्बर, प्रिंसजीत पिंका, शांति लाल दुआ, बाबू राम अरोड़ा, गुरप्रीत भाटिया, लक्की नाहर, तरनप्रीत राजा, मास्टर पुरुषोत्तम, एडवोकेट मधु, रचना, तरसेम लाल चुम्बर, विशाल शर्मा, डॉ. मनोज भारद्वाज, दमन ओबेरॉय, डॉ. शशिकांत, राजवंत सिंह और परमजीत सिंह रहे।

जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ चेकपोस्ट पर आतंकी हमला, 3 जवान घायल

- बाइक सवार हमलावरों ने बरसाईं गोलियां

जालंधर सिटी लाइव



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर आतंकियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के जवानों को निशाना बनाकर हमला कर दिया। अखरान इलाके में मीर बाजार के पास स्थित CRPF चेकपोस्ट पर बाइक सवार हमलावरों ने अचानक अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में तीन CRPF जवान घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर करीब 2:15 बजे हुई। बाइक पर सवार हमलावरों ने चेकपोस्ट पर तैनात जवानों पर गोलियां चलाईं और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, करीब 15 सेकंड में लगभग 30 राउंड गोलियां चलाई गईं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल जवानों की पहचान राकेश दास, संतोष चंद्रू और सोमवीर सिंह के रूप में हुई है। तीनों को उपचार के लिए अनंतनाग के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बाद की रिपोर्टों के अनुसार, तीनों जवान खतरे से बाहर हैं। हमले के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस, सेना और CRPF की अतिरिक्त टुकड़ियां मौके पर पहुंचीं और हमलावरों की तलाश में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया।

लुधियाना में क्लिनिक में इंजेक्शन लगते ही युवक की मौत, परिजनों ने डॉक्टर पर लगाए आरोप

जालंधर सिटी लाइव

युवक पेट में दर्द की शिकायत के चलते इलाज करवाने क्लिनिक पहुंचा था



लुधियाना। पंजाब के लुधियाना से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक निजी क्लिनिक में इंजेक्शन लगाने के कुछ ही देर बाद 27 साल के युवक की मौत हो गई। युवक पेट में दर्द की शिकायत के चलते इलाज करवाने क्लिनिक पहुंचा था। उसकी मौत के बाद परिजनों ने क्लिनिक के बाहर जमकर हंगामा किया और डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने के आरोप लगाए। मृतक की पहचान राजेश के रूप में हुई है। परिवार ने यह भी दावा किया कि इसी डॉक्टर के कथित गलत इलाज के कारण पहले राजेश की मां की भी मौत हो चुकी है। परिजनों के मुताबिक, बुधवार सुबह छठ पूजा के लिए उसे ट्रेन से अपने गांव जाना था, लेकिन अचानक पेट में दर्द होने लगा। इसके बाद परिवार के लोग उसे बब्बर क्लिनिक लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि क्लिनिक में डॉक्टर ने राजेश को इंजेक्शन लगाया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। परिवार का यह भी आरोप है कि डॉक्टर के पास इंजेक्शन लगाने का लाइसेंस नहीं है। मृतक के भाई संदीप सिंह ने बताया कि राजेश का बीपी बढ़ा हुआ था, जिसके बाद डॉक्टर ने उसे इंजेक्शन लगाया। वहीं, एक महिला परिजन ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने डॉक्टर से बात करने की कोशिश की तो उनके साथ गलत व्यवहार किया गया।

निष्पक्ष जांच व डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

पुलिस के मुताबिक, राजेश मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता था और शादीशुदा था। उसके दो बच्चे हैं। ड्रग इंस्पेक्टर के आने पर डॉक्टर के लाइसेंस की जांच की जाएगी। मामले की जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल युवक की मौत के मामले में परिजनों ने निष्पक्ष जांच और डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे लोगों को शांत करवाया।

कश्मीर के पुलवामा में स्कूल जा रहे बच्चों की बस अचानक सड़क पर पलटी, 11 मासूम घायल

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई,सड़क हादसा राजपोरा के द्रबगाम क्षेत्र में हुआ

- स्कूल बस अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर

जालंधर सिटी लाइव





पुलवामा। कश्मीर के पुलवामा जिले में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। राजपोरा के द्रबगाम इलाके में स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बस में सवार 11 छात्र और दो शिक्षक घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्रशासन की ओर से घायलों के इलाज पर नजर रखी जा रही है। वहीं, पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल बस के अनियंत्रित होकर पलटने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, हादसा राजपोरा के द्रबगाम क्षेत्र में हुआ। स्कूल बस अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और पलट गई। हादसे के समय बस में विद्यार्थी और शिक्षक सवार थे। दुर्घटना में कुल 13 लोगों को चोटें आई हैं, जिनमें 11 छात्र और दो शिक्षक शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) राजपोरा पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ घायलों की हालत और जरूरत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल पुलवामा रेफर किया गया।

लोगों की हालत फिलहाल स्थिर

वहीं, डिप्टी कमिश्नर पुलवामा केके सिद्धा ने बताया कि हादसे में घायल सभी लोगों की हालत फिलहाल स्थिर है। दो छात्रों को स्स्रास अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि एक घायल को SKIMS सौरा और एक अन्य को श्री महाराजा हरि सिंह (स्स्रास) अस्पताल, श्रीनगर में शिफ्ट किया गया है।

12-11-2026_Layout 1 12-11-2026 01:30 Page 3

2027 में फिर बनेगी आप सरकार, पंजाब की विकास यात्रा रहेगी जारी: भगवंत मान

फतेहगढ़ साहिब में मुख्यमंत्री का बड़ा राजनीतिक बयान, कांग्रेस-अकाली दल और भाजपा पर साधा निशाना

जालंधर सिटी लाइव



फतेहगढ़ साहिब। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को फतेहगढ़ साहिब में आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि वर्ष 2027 में आम आदमी पार्टी (AAP) की सरकार दोबारा सत्ता में आएगी और पंजाब में विकास की गति लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य राज्य के हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब उनके लिए एक परिवार की तरह है और सरकार बिना किसी भेदभाव के लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने मुफ्त बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं, महिलाओं को आर्थिक सहायता, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में किए गए कार्यों को अपनी सरकार की उपलब्धियां बताया। जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने पंजाब को बिजली के खंभों और तारों से मुक्त करने की दिशा में काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिजली की तारों को जमीन के नीचे डालने की योजना पर विचार किया जा रहा है। इससे शहरों और कस्बों की सुंदरता बढ़ाने के साथ बिजली व्यवस्था को भी बेहतर बनाया जा सकेगा। भगवंत मान ने कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद पंजाब के आम लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया। उन्होंने कहा कि जनता को अब विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर फैसला लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने उन नेताओं पर भी टिप्पणी की जो बार-बार राजनीतिक पार्टियां बदलते हैं। उन्होंने ऐसे नेताओं को राजनीतिक अवसरवादी बताते हुए जनता से सावधान रहने की अपील की।

शहीदी सभा की तैयारियों पर भी दिया भरोसा

फतेहगढ़ साहिब में होने वाली आगामी शहीदी सभा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के लिए उचित प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी और वह स्वयं व्यवस्थाओं पर नजर रखेंगे। मुख्यमंत्री का यह बयान 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज करनी शुरू कर दी हैं।

शेख हसीना की वापसी के ऐलान से बांग्लादेश में फिर भड़की हिंसा, 21 जिलों में आगजनी और बम धमाके

जालंधर सिटी लाइव



बांग्लादेश। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की स्वदेश वापसी की घोषणा के बाद एक बार फिर हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। देश के कई हिस्सों में हिंसा और आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। सोमवार रात से मंगलवार शाम तक कम से कम 21 जिलों में उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान बसों और ट्रेन के डिब्बों को आग के हवाले कर दिया गया। वहीं, सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों के गेट भी बंद करने पड़े। बांग्लादेश पुलिस और ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान 11 जिलों में 22 वाहनों में आग लगाने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। इनमें बसों के अलावा अन्य वाहन भी शामिल हैं। कई इलाकों में दहशत का माहौल बन गया और सार्वजनिक गतिविधियां प्रभावित हुईं। हिंसा का असर केवल आगजनी तक सीमित नहीं रहा। ढाका और छह अन्य जिलों में 28 स्थानों पर बम धमाकों की घटनाएं सामने आई हैं। लगातार हो रही वारदातों को देखते सरकारी दफ्तरों और शिक्षण संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कई जगहों पर एहतियातन संस्थानों के गेट बंद रखे गए।

शेख हसीना की वापसी के ऐलान के बाद बढ़ा तनाव

बांग्लादेश पुलिस मुख्यालय का दावा है कि इन हिंसक घटनाओं के पीछे शेख हसीना की पार्टी के समर्थकों का हाथ है। पुलिस के मुताबिक, शेख हसीना की बांग्लादेश वापसी की घोषणा के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों में आगजनी और बम धमाकों की घटनाएं शुरू हुईं।

जालंधर के TRUE BLEND CAFE में पुलिस की कार्रवाई, हथियार प्रमोट करने पर मालिक समेत 2 अरेस्ट

आरोपी शिवा थापर से एक लाइसेंसी .45 बोर की पिस्तौल बरामद हुई

- गन कल्चर को प्रमोट करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/जतिनः जालंधर के ज़ह्द्दह्द Blend Cafe पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मालिक समेत 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान 'ट्रू ब्लेंड कैफे' के मालिक लवप्रीत सिंह उर्फ लव और शिवा थापर के रूप में हुई है। इस दौरान पुलिस को हथियार भी बरामद हुए हैं, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। शिवा थापर के पास से एक लाइसेंसी .45 बोर की पिस्तौल बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गुप्त सूचना के बाद पुलिस ने की रेड

जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अर्बन स्टेट फेज़ 2 में True Blend Cafe में हथियारों को प्रमोट किया जा रहा था। पुलिस को जैसे ही इस बारे में पता चला तो पुलिस अधिकारी तुरंत कार्रवाई करने के लिए कैफे पहुंच गए। इस दौरान आरोपी लाइसेंसी हथियार लेकर बैठे हुए थे। पुलिस ने तुरंत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और अपने साथ ले गए। सोशल मीडिया पर गन कल्चर को प्रमोट करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

एचएमवी के बी.वॉक. विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी में प्रथम दो स्थान हासिल कर बढ़ाया कॉलेज का गौरव



जालंधर सिटी लाइव

हंसराज महिला महाविद्यालय, जालंधर के बी.वॉक. (वेब टेक्नोलॉजी एंड मल्टीमीडिया), सेमेस्टर-द्वितीय की छात्राओं ने गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर द्वारा मई-जून 2026 में आयोजित परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय में प्रथम दो स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रा अंजली कुमारी ने 8.17 एसजीपीए के साथ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शगुन शर्मा ने 8.08 एसजीपीए के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) एकता खोसला ने दोनों छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने विभागाध्यक्ष श्री आशीष चड्ढा एवं विभाग के अन्य अध्यापकों के समर्पित प्रयासों की सराहना की, जिनके मार्गदर्शन में छात्राओं ने यह सफलता प्राप्त की। प्राचार्या डॉ. खोसला ने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां महाविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल-आधारित शिक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। ये मेधावी छात्राएं अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।

केएमवी की वॉलीबॉल टीम ने खेल मेला चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। कन्या महाविद्यालय (ऑटोनॉमस) ने एक और शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी गौरवशाली उपलब्धियों में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। कॉलेज की वॉलीबॉल टीम ने जोन एवं जिला स्तरीय खेल मेला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन टीमों के साथ मुकाबला करते हुए केएमवी की खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, रणनीतिक तालमेल और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। जोनल एवं जिला स्तर के दोनों चरणों में निर्णायक जीत हासिल करते हुए टीम ने उत्कृष्ट कोर्ट कवरेज, शक्तिशाली स्मैश और अनुशासित रक्षात्मक प्रदर्शन के दम पर निर्विवाद चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज की डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और संस्थान का नाम रोशन करने के लिए उनके समर्पण एवं मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि केएमवी विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा, प्रशिक्षण सुविधाएं और हर संभव सहयोग प्रदान करके शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेलों में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. द्विवेदी ने टीम के मार्गदर्शक एवं फैकल्टी सदस्यों–कोच संदीप सिंह, डॉ. दविंदर सिंह और अमनदीप कौर– के अथक प्रयासों, कठोर प्रशिक्षण और निरंतर प्रोत्साहन की भी सराहना की, जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से टीम ने यह ऐतिहासिक जीत हासिल की।

सीटी बिल्डफेस्ट 2.0 का सफल समापनः 30 घंटे के राष्ट्रीय हैकाथॉन में देशभर के 850 से अधिक विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

नवाचार ही सफलता की कुंजी हैः डॉ. सतीश कुमार

जालंधर सिटी लाइव



जालंधरः सीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मकसूदां द्वारा आयोजित 30 घंटे के राष्ट्रीय स्तर के कोडिंग हैकाथॉन सीटी बिल्डफेस्ट 2.0 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन में देशभर के प्रमुख कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की 150 से अधिक टीमों के 850 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मंच ने युवा प्रतिभाओं को तकनीक आधारित नए विचारों और व्यावहारिक समाधानों को विकसित करने एवं प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। उद्घाटन समारोह में सीएसआईओ, चंडीगढ़ के साइंटिस्ट-जी एवं एकेडमी ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च (एक्सीर) के प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने नवाचार, अनुसंधान और उभरती तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने विचारों को व्यावहारिक समाधानों में बदलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चितकारा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विकास खुल्लर, क्रिक हील के प्रिंसिपल सिक्योरिटी कंसल्टेंट श्री अवधेश शुक्ला और आई.के. गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. एम. एस. बेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को पांच प्रमुख तकनीकी विषयों में विभाजित किया गया था, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं बुद्धिमान प्रणालियां, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट शिक्षा एवं सामाजिक नवाचार, इंटरनेट ऑफ थिंग्स एवं रोबोटिक्स तथा सतत विकास शामिल रहे। 30 घंटे तक चले इस मैराथन हैकाथॉन में विद्यार्थियों ने गहन कोडिंग, विशेषज्ञ मार्गदर्शन, तकनीकी कार्यशालाओं, सामूहिक विकास और विभिन्न मूल्यांकन चरणों के माध्यम से अपने प्रोजेक्ट विकसित किए। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों के लिए गिटहब, बैकएंड तकनीक और जनरेटिव एआई पर विशेष ज्ञानवर्धक सत्र भी आयोजित किए गए। समापन समारोह में बसंत ऑटोटेक एलएलपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री तुषार जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। केंद्रीय हस्त औजार संस्थान के प्रिंसिपल डायरेक्टर श्री पी. के. वर्मा, अपग्रेड के डेटा साइंस लीड इंस्ट्रक्टर श्री सज्जाद मीर और आईबीएम की इंडस्ट्री एग्जीक्यूशन मैनेजर सुश्री नमन सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीएवीआईईटी), जालंधर ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 11,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। लायलपुर खालसा कॉलेज, जालंधर ने 5,100 रुपये के साथ दूसरा और एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग टेक्निकल कैंपस, जालंधर ने 3,100 रुपये के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। आयोजन में कुल एक लाख रुपये के पुरस्कार रखे गए, जिनमें नकद पुरस्कारों के साथ टैबलेट, साउंड बार, स्मार्टवॉच और वायरलेस ईयरबड्स शामिल थे।




सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल, खांबरा में भाई दूज का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। सेंट सोल्जर डिवाइन पब्लिक स्कूल, खांबरा शाखा में भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और आपसी जुड़ाव के प्रतीक पावन पर्व भाई दूज को बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न रचनात्मक एवं पारंपरिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सुंदर पूजा की थालियां सजाई तथा अपने भाई-बहनों के लिए आकर्षक शुभकामना कार्ड बनाए। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने पारंपरिक भाई दूज तिलक की रस्म भी निभाई, जो भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम, स्नेह, देखभाल और आशीर्वाद का प्रतीक है। इस उत्सव के दौरान विद्यालय का वातावरण खुशियों और उमंग से सराबोर रहा। विद्यार्थियों ने त्योहार का आनंद लेने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के महत्व को भी समझा। इस अवसर पर ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा ने सभी विद्यार्थियों को भाई दूज की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने रिश्तों में प्रेम, सम्मान, स्नेह और आपसी भाईचारे की भावना बनाए रखने तथा इन सकारात्मक मूल्यों को पूरे समाज में फैलाने के लिए प्रेरित किया।







पंजाब में जनगणना 2027 का दूसरा चरण शुरू, 16 नवंबर से घर बैठे कर सकेंगे स्व गणना



चंडीगढ़। जनगणना 2027 के दूसरे चरण (जनसंख्या गणना) के प्रचार-प्रसार के लिए जनगणना कार्य निदेशालय, पंजाब में डिजिटल एलईडी वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये वैन पंजाब के सभी जिलों के शहरों और गांवों में जाकर लोगों को डिजिटल जनगणना के बारे में जागरूक करेंगी। इस मौके पर पंजाब की जनगणना कार्य निदेशक डॉ. नवजोत खोसा ने बताया कि 16 नवंबर से 15 दिनों में लोग घर बैठे मोबाइल या कंप्यूटर से स्व गणना (सेल्फ-एन्यूमरेशन) कर सकते हैं। इस मौके पर पंजाब की जनगणना कार्य निदेशक डॉ. नवजोत खोसा ने कहा, ‘हम डायरेक्टरेट ऑफ सेंसस ऑपरेशन्स, पंजाब में डिजिटल एलईडी वैनों की फ्लैग-ऑफ सेरेमनी कर रहे हैं क्योंकि पंजाब में जनगणना का काम बहुत जल्द शुरू होने वाला है। ये हमारे पब्लिसिटी और अवेयरनेस व्हीकल हैं, जो पंजाब के सभी जिलों में जाएंगे।

12-11-2026_Layout 1 12-11-2026 01:31 Page 4

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, • Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

SHREE RAM
NEURO CENTRE
NEURO • SPINE • TRAUMA
सही इलाज... बेहतर कल...
अब अपने शहर जालंधर में
रीढ़ एवं मस्तिष्क
रोगों का सर्वोत्तम उपचार है उपलब्ध
आधुनिक तकनीक | अनुभवी विशेषज्ञ | सुरक्षित इलाज
Dr. Deepashu Sachdeva
(BRAIN & SPINE SURGEON)
हमारी विशेषताएँ
बिना ऑपरेशन के भी इलाज की सुविधा
आधुनिक न्यूरो और स्पाइन सर्जरी
हाई-एंड डायगनोस्टिक सुविधाएँ
व्यक्तिगत और समर्पित देखभाल
आज ही संपर्क करें
श्री राम न्यूरो सेंटर में
98141-75180, 75080-31515
Inside New Ruby Hospital, Link Road, Lajpat Nagar, Jalandhar.
www.drdeepashuneurosurgeon.in

medifacials
LASER HAIR REMOVAL
LASER
moles
pigment
dermatology
Face Toning
acne scar
fatloss
skin care
treatment
tattoo
Cosmetology clinic
HairLoss
skin tags
birthmark
wrinkles
bio peelings
HYDRA FACIAL
Botox
MNRF
PRP
Dr. R.S. CHHABRA
Dermato-Cosmetologist
& Laser Consultant
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH CERTIFIED
NABH
LIVE
the brighter side of your skin.
LASER beauty WORLDWIDE
Er. G.S. Chhabra
(FOUNDER)
Dr. R.S. CHHABRA's
LASER & SKIN CARE CENTRE
SKIN, COSMETOLOGY, FAT-LOSS & LASER SPECIALISED CENTRE
Chhabra Hospital & Maternity Home
MATERNITY, FERTILITY (IVF), SKIN, LASER & CHILD CARE CENTRE
22, GUJRAL NAGAR, NEAR T.V. CENTRE, JALANDHAR CITY (PB.)
www.ivfcentrepunjab.com | www.babiesworldivfcentre.com | www.laser2skin.com
For Appointment Call : 99887-14150

ICSI
Laparoscopy
PAINLESS DELIVERY
Phototherapy
fertility
OOCYTE & EMBRYO DONATION
Hysterectomy
Neonatal ICU for Pre-mature Babies
LASER HATCHING
USG
IUI
HSG
SEMEN BANK
Fully Equipped LABORATORY
Hormonal Assay
Dr. RANU CHHABRA
Obst/Gynae & IVF Specialist
Babies WORLD IVF INTERNATIONAL
MAKING
motherhood a reality....
MEDI LIFE
NEW BORN ICU
Shree Guru Nanak Dev Om Sai Ram
Dr. RANU CHHABRA's
BABIES WORLD
IVF CENTRE
TEST TUBE BABY CENTRE
Er. G.S. Chhabra
(FOUNDER)
Chhabra Hospital & Maternity Home
MATERNITY, FERTILITY (IVF), SKIN, LASER & CHILD CARE CENTRE
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH CERTIFIED
NABH
22, GUJRAL NAGAR, NEAR T.V. CENTRE, JALANDHAR CITY (PB.)
www.ivfcentrepunjab.com | www.babiesworldivfcentre.com | www.laser2skin.com
For Appointment Call : 99889-27037

Orthonova Hospital
HEAL. REHABILITATE. LIVE BETTER.
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH ACCREDITED
ORTHONOVA GETS
A NEW ADVANCED
ROBOTIC SYSTEM
FOR JOINT REPLACEMENT SURGERY
Better Mobility Brighter Future
Benefits of Robotic Assisted Surgery:
Painless
Small Incision
High Accuracy and Precision
New, Perfectly-fitted Joint
Long Lasting Results
More Natural Feeling and Movement
FOR MORE INFORMATION CALL US
+91 78143-89446
Expert Doctors
Advanced Technology
World Class Facilities
Better Recovery
Move Without Pain
Nakodar Road, Nera Nari Niketan, Jalandhar, Punjab | www.orthonova.in